## खबर संक्षेप



### महापौर, निगमाध्यक्ष ने तैयारियों का लिया जायज़ा

**कटनी।** आज 8 मार्च शनिवार को नगर निगम सीमांतर्गत क्रमशः नगर निगम कटनी कार्यालय के अलावा बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास ,दुर्गा चौक खिरहनी,सुभाष चौक, माधव नगर उप कार्यालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 तक की बकाया राशि पर नियमानुसार संपत्ति कर एवं जलकर की बकाया राशि में अधिरोपित अधिभार / सरचार्ज में 100 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जावेगी। इसी क्रम में नेशनल लोक अदालत की तैयारियों का जायज़ा लेने शुक्रवार को एक दिन पूर्व महापौर प्रीति संजीव सूरी,निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने एमआईसी सदस्य व पार्षद साथियों के साथ कार्यालय के कैश काउंटर व जलप्रदाय,राजस्व विभाग पहुँच व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते हुए लक्ष्यानुसार वसूली हेतु अधिक से अधिक कर दाताओं से संपर्क करते हुए बकाया कर जमा कराये जाने के निर्देश दिए,साथ ही सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय के पूर्व ही पूर्ण किए जाने हेतु भी निर्देशित किया।इस दौरान एमआईसी सदस्य बीना बैनर्जी,पार्षद सीमा श्रीवास्तव, एड.मौसूफ़ बिट्टू की मौजूदगी रही।

### कलेक्टर आज तहसील कार्यालय बड़वारा में करेंगे जनसुनवाई

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव मंगलवार 11 मार्च को प्रातः 11 बजे आयोजित होने वाली नियमित जनसुनवाई के दौरान तहसील कार्यालय बड़वारा में स्वयं मौजूद रहकर नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों का आवेदन प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई हेतु अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। कलेक्टर श्री यादव नें तहसील कार्यालय बड़वारा में मंगलवार 11 मार्च को आयोजित होने वाली जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के सभी विभागों के जिला अधिकारियों को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया है। जन समस्याओं और शिकायतों के निराकरण की संवेदनशील पहल करते हुए कलेक्टर श्री यादव ने लोगों के पास खुद जाकर उनकी शिकायतों और समस्याओं को जानने- सुनने और निराकरण करने का निर्णय लेकर सुशासन के नजरिए से जवाबदेह और जनोन्मुखी प्रशासन की नजीर पेश की है। कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार 11 मार्च को प्रातः 11 बजे आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई में अपर कलेक्टर साधना परस्ते सहित कलेक्ट्रेट कार्यालय के अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहकर जनसुनवाई करेंगे।

### अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

**कटनी।** राज्य शासन के महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक के निर्देशों के परिपालन मे जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने एवं शासन के राजस्व को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय माह मार्च में होली अवकाश 14 मार्च को छोडकर शेष समस्त सार्वजनिक अवकाश 8 मार्च शनिवार व 9 मार्च रविवार सहित) शासकीय एवं पंजीयन कार्य हेतु खुले रहेंगे।

### शांति समिति की बैठक 10 मार्च को

**कटनी।** जिले में माह मार्च एवं अप्रैल में त्यौहारों के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था के नजरिये से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार 10 मार्च को दोपहर 3 बजे शांति समिति की बैठक की गई है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर दिलीप कुमार यादव करेंगें। बैठक में शांति समिति के सदस्यों सहित संबंधित अधिकारियों को बैठक में मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक होलिका दहन, होली, भाई दूज, नवरात्रि बैठकी, ईद-उल-फितर और नवरात्रि जवारा विसर्जन आदि को लेकर आयोजित की गयी है।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष**

# वन स्टॉप सेंटर: बिखरने से बचे परिवार, महिलाओं को पुलिस व कानूनी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



महिला सम्मान की दिशा में महिला एवं बाल विकास का वन स्टॉप सेंटर मील का पत्थर साबित हो रहें हैं। भारत में वन स्टॉप सेंटर की शुरूआत 1 अप्रैल 2015 को हुई थी। इसे सखी वन स्टॉप सेंटर के नाम से भी जाना जाता है। यहाँ से हिंसा से प्रभावित महिलाओं को सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंचाया जाता है।

कटनी जिले में वन स्टॉप सेंटर फरवरी 2017 से संचालित है। जिसमे महिला के परिवार और पति पत्नि के आपसी विवाद को खत्म करके जोड़ने का काम किया जाता है। जबकि स्थिति यह तक बनी है कि महिलाओं ने अपने पति और परिवार वालो की शिकायत थाने में दर्ज तक करा दी थी। लेकिन वन स्टॉप सेंटर में जब उनकी काउसिंलिग तीन-चार बार की गई तो वह परिवार साथ रहने तैयार हो गये।

वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक सुषमा नाग ने बताया कि यहाँ ऐसे गम्भीर केस आते है जो वास्तव में परिवार के लिए समस्या बने होते है। यहाँ माह में लगभग 45-50 प्रकरण आते है जिसमे प्रत्येक माह 20-25 केस का निराकरण हो जाता है।

वन स्टॉप सेंटर की सहायक प्रशासक शैली तिवारी ने बताया कि महिलाओं को महिला सम्मान के प्रति जागरूक करने विभिन्न प्रकार की प्रचार-प्रसार गतिविधियों का आयोजन वन स्टॉप सेंटर से स्कूल, कॉलेजो, ऑगनवाड़ी एवं पंचायत स्तर पर होता रहता है। जिससे कार्यालय का पता, दूरभाष क० एवं महिला हेल्पलाइन की जानकारी क्षेत्र में व्यापक रूप से फैल सके।

### 24 घंटे सातों दिन कार्यरत

कार्यालय में परामर्शदात्री, केस वर्कर, विधिक सलाहकार, आई टी वर्कर एवं समस्त स्टॉफ महिलाओं को सम्मान दिलाने के लिए लगातार 24 बाय 7 घंटे कार्यरत रहता है।

### 8 सालों में 1797 केस हुए दर्ज, 1757 का निराकरण

जिले में वन स्टॉप सेंटर के आरंभ होने से अब तक कुल 1797 केस दर्ज हुए है जिसमें 365 केस में डीआईआर (घरेलू हिंसा प्रकरण) दर्ज हुए, 20 महिलाओं को विधिक सहायता, 29 को पुलिस सहायता, 235 को अस्थाई आश्रय दिया गया जिन्हे वापस सुरक्षित घरो तक पहुंचाया गया। 1148 केसो में महिलाओं को परामर्श सहायता दी गई। कुल प्राप्त केसों में से 1757 का निराकरण हुआ एवं 40 प्रकरणों पर वर्तमान में कार्यवाही चल रही है। वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से महिलाओं को महिला सशक्तिकरण की दिशा में कौशल उन्नयन प्रशिक्षण से भी जोड़ा जाता रहा है, जिसमें वर्तमान में 07 महिलायें आईटीआई एन० के० जे० कटनी मे प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।

### परिवार को टूटने से बचाया

हिरवारा निवासी सुरेन्द्र (परिवर्तित नाम) के द्वारा जनसुनवाई में अपनी गर्भवती पत्नि के मायके से वापस घर न आने की शिकायत की जिसके बाद वन स्टॉप सेंटर से दोनो पक्षों की तीन काउसिंलिग के बाद उनकी गलतफहमी को दूर कर टूटते घर को बचाया गया। दोनो पति पत्नि अब खुशहाल जीवन की शुरूआत अपने नवजात बच्चे के साथ करने लगे है।

### पति की मृत्यु के बाद आपसी रिश्तो में आई दरार को किया गया दूर

स्वयं से आई आवेदिका सरिता (परिवर्तित नाम) निवासी इमलिया के द्वारा वन स्टॉप सेंटर आकर बताया गया कि पति की मृत्यु के बाद से उसके ससुराल वालों का व्यवहार उसके साथ ठीक नही था। जिस वजह से महिला मायके में रह रही थी। शिकायत के बाद महिला के मायके पक्ष एवं ससुराल पक्ष को बुलाकर दोनों पक्षों परामर्श दिया गया तथा महिला को ससम्मान ससुराल में जगह मिल सके।

महिला हेल्पलाइन के माध्यम से आई शिकायतकर्ता अनीता सपेरा (परिवर्तित नाम) निवासी स्लीमनाबाद के द्वारा देवर से विवाद की शिकायत की गई। दोनो पक्षों को बुलाकर कारण समझा गया और परामर्श दिया गया। अब परिवार विवाद को खत्म कर अच्छे से रहन लगा जिससे संयुक्त परिवार को टूटने से बचाया गया।

### भटकती महिला को घर पहुँचाया

बड़वारा थाना के माध्यम से घर से भटकी हुई महिला को सुरक्षा की दृष्टि से वन स्टॉप सेंटर लाया गया। जहाँ उसे अस्थाई आश्रय दिया गया एवं टीम के प्रयासों से महिला को उसके निवास तक जो कि अन्य जिला दमोह की थी उसे सुरक्षित घर तक पहुंचायां गया।

**जिम्मेदारों को नहीं जांच कार्यवाही से सरोकार, धुंआ, डस्ट से लोगों का जीना मुहाल**

# नियमों को दरकिनार करके प्लांटों का संचालन, बीमारियों की चपेट में वाशिंदे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए सरकार द्वारा तरह तरह की मुहिम चलाई जा रही है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा भी वायु प्रदूषण फैलाने वाली फैक्टरियों पर कार्रवाई के निर्देश है लेकिन जिले में ऐसे प्लांटों जहां से अत्याधिक मात्रा में डस्ट, धुंआ निकलता है वहां किसी तरह की जांच कार्यवाही नहीं की जाती है। जिले के कैमोर क्षेत्र संचालित में चूना भट्ठा, क्रेसर प्लांटों में प्रदूषण नियमों का पालन नहीं हो रहा है नतीजन डस्ट एवं धुआं वातावरण में घुलकर लोगों को नुकसान पहुंचा सकता है।

कैमोर क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक गांवों में आधा सैकड़ा से अधिक चूना भट्टों एवं क्रेसर प्लांटों से निकलने वाला जहरीला धुआं लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बनता जा रहा है। लगातार प्रदूषण के बीच जीवन यापन करने वाले स्थानीय निवासियों को सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन और खांसी जैसी बीमारियां हो रही हैं। इतना ही नहीं शहर से लेकर गावों में संचालित होने वाले क्रेशर प्लांट, पुट्टी प्लांट व फैक्टियों में नियमों को धता बताया जा रहा है। इसके बावजूद प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, खनिज विभाग और जिला प्रशासन इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

चूना भट्टों से निकलने वाला धुआं और उसमें मौजूद छोटे-छोटे कण हवा में घुलकर प्रदूषण फैला रहे हैं। ये कण लोगों की सांस के जरिए शरीर में प्रवेश कर कई बीमारियों को जन्म दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हवा में धूल और चूने के महीन कण घुलने के कारण अस्थमा और फेफड़ों की बीमारियां बढ़ रही हैं। कई बच्चों और बुजुर्गों को खांसी, गले में जलन, आंखों में चुभन और त्वचा संबंधी समस्याएं हो रही हैं। लगातार प्रदूषण के संपर्क में रहने से टीबी, फेफड़ों में संक्रमण और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।

प्रदूषण के कारण फसलें प्रभावित हो रही हैं, पशुओं के लिए चारा भी दूषित हो रहा है, जिससे पशुधन पर भी बुरा असर पड़ रहा है। चूना भट्टों का संचालन बिना पर्यावरणीय अनुमति का पालन किए और सुरक्षा मानकों को ताक में रखकर किया जा रहा है। प्रभावित गांवों के निवासियों का कहना है कि कई बार अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों से अपनी समस्याओं के बारे में बताया गया लेकिन किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

आसमान में जहर घोलने वाले सिर्फ चूना भट्टे ही नहीं हैं बल्कि क्रेशर प्लांट, कोयला प्लांट, पुट्टी प्लांट एवं फैक्ट्रियों से उत्सर्जित होने वाला धुआं वायुमंडल को जहरीला बना रहा है। चिमनी के उपयोग में भी नियमों का अनदेखी हो रही है। जांच के नाम पर विभाग सिर्फ औपचारिकता निभाते हैं। इन फैक्ट्रियों से निकलने वाला गंदा पानी भी नदी या फिर खुले में बहाया जा रहा है।

## महिला दिवस पर सभी पंचायतों में होगा महिला सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार,8 मार्च को पंचायत राज संचालनालय के निर्देशानुसार जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में महिला ग्राम सभा का आयोजन किए जाने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने जनपद पंचायतों के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। यह एक सामान्य महिला सभा होगी।

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने जनपद पंचायत बहोरीबंद की पूर्व चयनित आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत तेवरी में विशेष ग्राम सभा सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है। आयोजित कार्यक्रम में समाज के प्रतिष्ठित नागरिक स्थानीय गणमान्य व्यक्ति एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

जिला पंचायत सीईओ ने आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिए हैं।

## बदमाशों को उपद्रव नहीं करने दी हिदायत

**कटनी।** एनकेजे पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तगर्त गुण्डा, निगरानी बदमाशो एवं अपराधिक प्रवृत्ति के लोगो को थाना बुलाकर आगामी होली एवं रमजान त्यौहारो पर शांति बनाये रखने एवं उपद्रव न करने की समझाईस दी गई। साथ ही उपद्रव करने वाले असामाजिक तत्वो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने की हिदायत दी गयी। आगामी त्यौहारो के परिपेक्ष्य में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्थानीय स्तर पर पार्षदगण, सरपंचगण, वरिष्ठ नागरिक एवं सभी समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुये। बैठक में होली के दौरान वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा जारी दिशा निर्देश से सभी को अवगत कराया गया। साथ ही होलिका दहन समय पर कराने एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रो का निर्धारित समय सीमा पर उपयोग करने इत्यादि विषयो पर विस्तृत चर्चा की गई। दिशा निर्देशो का पालन न करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने की हिदायत भी दी गयी है। शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी उनि अनिल यादव सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज, आपसी सहमति से प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आज शनिवार 08 मार्च को जिला न्यायालय, सहित श्रम न्यायालय, कुटुम्ब न्यायालय, उपभोक्ता फोरम, म.प्र. भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण एवं तहसील स्तर पर तहसील न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित नेशनल लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरण राजीनामे हेतु रखे गये हैं, जिनके अंतर्गत राजीनामा योग्य आपराधिक, सिविल, मोटर दुर्घटना क्लेम, विद्युत, चेक बाउंस, भू-अर्जन, वैवाहिक, भरण-पोषण, आपराधिक अपील, सिविल अपील, बजावरी अन्य प्रकरणों के साथ ही बैंक रिकवरी, विद्युत व अन्य से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरण राजीनामे के आधार पर निराकरण हेतु रखे जा रहे हैं।

जिला विधिक सहायता अधिकारी ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में आपराधिक, सिविल, वैवाहिक, मोटर दुर्घटना, चेक बाउंस, श्रम न्यायालय, उपभोक्ता मामले एवं अन्य प्रकरणों सहित विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत बनाये गये विद्युत उपभोक्ताओं के प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। विद्युत विभाग से संबंधित प्रकरणों में ऊर्जा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार 08 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में आंकलित सिविल दायित्व की राशि रुपये 10 लाख तक के प्री लिटिगेशन प्रकरणों पर 30 प्रतिशत एवं लिटिगेशन प्रकरणों पर 20 प्रतिशत छूट रहेगी। साथ ही आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले चक्रवृद्धि ब्याज की 100 प्रतिशत छूट प्रदान की जायेगी। ऐसे समस्त विद्युत उपभोक्ता जिनके प्रकरण विशेष न्यायालय में लंबित है अथवा न्यायालय में दर्ज किया जाना शेष है, वे नेशनल लोक अदालत में दी जा रही छूट का लाभ प्राप्त कर अपने मामले का स्थाई निराकरण प्राप्त कर सकते हैं। नेशनल लोक अदालत में समस्त पक्षकारों से अपने-अपने प्रकरणों का आपसी सहमति एवं सुलह के आधार पर निराकरण कराये जाने की अपील की है।

**ढीमरखेड़ा के जिर्री गांव में दो युवकों की मौत का मामला**

## वाहन मालिक और जंगल में ट्रैक्टर ट्रॉली छिपाने वाला चालक गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



जिर्री गांव में रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से दो युवकों की मौत के बाद ढीमरखेड़ा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन मालिक और ट्रैक्टर भगाकर ले जाने वाले चालक को गिरफ्तार किया। जबकि घटना के दौरान ट्रैक्टर चलाने वाला चालक छोटू सिंह अब भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि ट्रैक्टर मालिक योगेंद्र पिता गोरेलाल यादव (25) निवासी जिर्री और घटना के बाद पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली को उठाकर जंगल में छिपाने वाले चालक भागचंद पिता सत्तू लाल यादव (32)निवासी डुढहा को पुलिस ने अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किया।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को आरोपियों को न्यायालय में पेश किया,जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।रेत का परिवहन कर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले चालक छोटू की तलाश की जा रही है।पुलिस ने आरोपियों पर खनिज अधिनियम की धारा बढ़ाई है।

### यह है मामला

विदित हो कि बीते 4 मार्च 2025 को ट्रैक्टर चालक छोटू सिंह ट्रैक्टर ट्रॉली में अवैध रेत भरकर डुढहा मोड़ से जिर्री की तरफ लेकर जा रहा था। चालक के हाथों जिर्री के समीप गंगाराम यादव के खेत के पास रेत से भरी ट्रॉली पलट गई।घटना में आनंद पिता चमन लाल यादव (करीब 18 वर्ष)और चाहत पिता लखन यादव (करीब 18 वर्ष) निवासी जिर्री की मौत हो गई।घटना के बाद चालक छोटू फरार हो गया।जबकि अन्य साथी भागचंद यादव घटना के बाद मौका स्थल से ट्रैक्टर ट्रॉली उठाकर जंगल में छिपा दिया।घटना के दूसरे दिन ग्रामीणों ने चाहत यादव का शव डुढहा में मुख्य सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया।जिससे करीब पांच घंटों तक आवागमन बाधित रहा।मौके पर पहुँचे एडिशनल एसपी संतोष डेहरिया को ग्रामीणों ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग किया।

**जनप्रतिनिधियों ने घराती बनकर बारातियों का किया स्वागत**

# बड़वारा में सामूहिक विवाह में 165 नव युगल परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



बड़वारा विकासखण्ड में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह आयोजन बड़वारा जनपद के परिसर मे शुक्रवार को आयोजित हुआ।जहां बड़वारा के समदायिक भवन से बारात निकली व नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुँची।

जहां जनप्रतिनिधियों ने घराती बनकर बारातियों का स्वागत किया। विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न कराया गया। इस सामूहिक विवाह में 165 नवयुगलों ने एक-दूजे का दामन थामा। हिन्दू रीति रिवाज से विवाह संपन्न हुआ ।

### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, जनपद अध्यक्ष बड़वारा श्री मति सुधा जायसवाल , जनपद उपाध्यक्ष रामसेवक दुबे, जनपद सीईओ के के पांडे, बड़वारा मण्डल अध्यक्ष विजेंद्र प्रताप सिंह, विलायत कला मण्डल अध्यक्ष अजय सोनी, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी उदयराम बैगा, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा डॉ अजीत सिंह, ब्लाक समन्वयक श्रीमती बबीता सिंह, पंचायत समन्वयक अधिकारी राजेश श्रीवास्तव, सहायक लेखाधिकारी गोविंद सिंह, अंकित श्रीवास्तव, एडीओ,गजराज सिंह, कम्प्यूटर आपरेटर विनोद भूमिया , पुष्पेंद्र रॉय,स्वच्छता ग्राही राजेश चौधरी की उपस्थिति रही।

विवाह बंधन में बंधने वाले प्रत्येक जोड़े को 49000 ( उन्चास हजार रुपये की स्वीकृति राशि पत्रक जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रदान किया गया। व्यवस्थापक संजय चतुर्वेदी के द्वारा विवाह स्थल पर व्यवस्थित तरीके से विवाह की सम्पूर्ण व्यवस्था की गई जिससे सामूहिक कन्या विवाह सम्पन्न हुआ।

### वर-वधु को दिया तुलसी का पौधा

समारोह को संबोधित करते हुए बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह एवं बड़वारा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के के पांडे ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना एक महत्वपूर्ण योजना है। ऐसे परिवार जो गरीबी के कारण अपनी कन्या का विवाह करने में सक्षम नहीं होते हैं, उन कन्याओं के विवाह के लिए यह योजना बनाई गई है। इस योजना में जाति-धर्म का कोई बंधन नहीं रखा गया है। हर जाति धर्म के गरीब लोग इस योजना में अपनी कन्या का विवाह कराने के लिए पात्र है।

साथ ही नवदम्पत्ति के सुखद भविष्य हेतु तुलसी का पौधा भी नव दम्पत्ति को जनप्रतिनिधियों-अधिकारियों के द्वारा प्रदाय किया गया व उज्ववल भविष्य की कामना का शुभाशीष दिया गया।

## 16 मार्च से होगा बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2025 की परीक्षा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन रविवार 16 मार्च से मूल्यांकन केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी में किया जावेगा।

### प्रशिक्षण 10 मार्च को

प्रथम चरण में कक्षा 10वीं विषय हिन्दी एवं एन.एस. क्यू.एफ का मूल्यांकन प्रारंभ होगा जिसमें मूल्यांकनकर्ताओं का प्रशिक्षण 10 मार्च को दोपहर 2 बजे से 5 तक एवं कक्षा 12वीं विषय हिन्दी एवं अंग्रेजी के मूल्यांकनकर्ताओं का प्रशिक्षण दिनांक 9 मार्च को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक स्थान शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी में राज्य स्तरीय मास्ट्रर ट्रेनर आलोक पाठक, एन.पी. गुप्ता एवं संध्या बेन द्वारा परीक्षा प्रभारी राजेश अग्रहरि सहायक संचालक, अभय जैन ए.डी.पी.सी. आर.एम.एस.ए. कटनी एवं एम. किडो समन्वयक प्राचार्य के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में दिया जाना है। जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह द्वारा सभी, जारी सूची अनुसार मूल्यांकनकर्ताओं की उपस्थिति हेतु निर्देशित किया गया है।

## खबर संक्षेप



### हादसे को आमंत्रण दे रही खुली नाली

**बड़वारा।** बड़वारा से स्टेशन रोड में बगल से पानी निकासी के लिए जो नाली बनाई गई है। हनुमान ताल व हनुमान मंदिर जाने के मार्ग में नाली का ढक्कन टूट जाने से किसी भी समय गंभीर दुर्घटना घटित हो सकती है। इस मार्ग से लोगों को नहाने एवं भक्त हनुमानजी के दर्शन करने के लिए आते जाते हैं। अतः ग्रामीणों ने जनपद पंचायत बड़वारा से अपेक्षा की गई है इस ओर ध्यान देते हुए पीडब्लूडी विभाग या ग्राम पंचायत बड़वारा से मार्ग में नाली का ढक्कन सुधार किया जाये।

### जैविक खेती की सतत मूल्यांकन परीक्षा आयोजित



**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने केलिए व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कला एवं विज्ञान प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। सतत मूल्यांकन पद्धति के अंतर्गत प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार बाजपेई के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयकडॉक्टर व्ही के द्विवेदी के सहयोग से विद्यार्थियों में पाठ्यक्रम के अनुसार विषय की समझ एवं गुणवत्ता को परखनेके लिए एवं आगामी वार्षिक परीक्षा की तैयारी के लिए 55 विद्यार्थियों के आठ ग्रुप बनाकर उनकीलिखित परीक्षा ली जा रही है ।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर जप्त किया आटो

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान शराब पीकर ऑटो चलाते हुए चालक को पकड़ा है। आटो को जप्त कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार थाना अजाक तिराहा के पास माधवनगर पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी उसी दौरान वाहन क्रमांक MP 21 ZC 0254 का लापरवाह चालक लहराते हुए वाहन लेकर चले आ रहा था जिसे पुलिस ने रोकने की कोशिश की लेकिन चालक इतना शराब के नशे में था कि बड़ी मशक्त के बाद पुलिस उसे रोक पाई और चेक करने पर चालक बहुत नशे में था जिसके पास मौके पर कोई वाहन संबंधी दस्तावेज भी नही था। पुलिस ने तत्काल चालक अभिषेक बर्मन का जिला चिकित्सालय से मुलाहिजा कराया जिसके शराब के नशे में होने की पुष्टी डॉक्टर ने भी की जिस पर पुलिस ने वाहन जप्त कर चालक अभिषेक बर्मन पिता अजय बर्मन उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम इमलिया थाना माधवनगर के विरूद्ध पुलिस ने धारा 185, 130 (3) /177 मो0 व्ही0 एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

### राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**ढीमरखेड़ा।** महाविद्यालय ढीमरखेड़ा के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के त्रैमासिक कैलेंडर अनुसार राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों में दीनदयाल चक्रवर्ती,आकांक्षा मेहरा, नैन्सी सोनी के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य रजनीश विश्वकर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस प्रतिवर्ष 4 मार्च को मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण को संरक्षण देना हैं। इस बार विकसित भारत के लिए सुरक्षा और कल्याण की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अन्तर्गत विषय विशेषज्ञों की व्याख्यान, राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता, विद्यार्थियों से परिचर्चा, प्रेरक वीडियो का प्रदर्शन किया गया। राष्ट्र की संपत्ति की सुरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा, स्वच्छता, साइबर सुरक्षा विषय पर डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी ने छात्र-छात्राओं को उदाहरणों के माध्यम से समझाया।

---

### होली पर्व को लेकर जिले भर के थाना परिसरों में हुई शांति समिति की बैठक

# त्यौहार ऐसे मनाएं कि किसी को न हो परेशानी, बनाएं रखें शांति सद्भाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



होली, धुरेड़ी और ईदुल फितर पर्व को लेकर जिले भर के थाना एवं चौकी परिसरों में शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। ढीमरखेड़ा पुलिस थाना में आयोजित बैठक में थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि होली और ईदुल फितर का पर्व हिन्दू मुस्लिम दोंनो ही भाईचारे के साथ मनाए। कोई भी व्यक्ति एक दूसरे से विवाद न करे। कीचड़ और गंदगी से होली न खेलें।एक दूसरे को जबरदस्ती रंग गुलाल न लगाएं। लड़ाई झगड़े हो तो इसकी जानकारी पुलिस को दें। तहसीलदार आशीष अग्रवाल ने कहा कि बिजली तारों और फसलों के समीप होलिका न जलाएं। जुलूस आदि निकालकर हुड़दंग नहीं मचाएं। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने नदी संरक्षण,पानी बचाने, नरवाई जलाने, फायर ब्रिगेड को लेकर अपने अपने सुझाव रखे।

सिलौंडी चौकी में होली, रमजान के को लेकर शांति समिति की बैठक में जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय,मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश राय ,पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत राय,नायब तहसीलदार दिनेश आसाठी, चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपील की गई। चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि त्यौहार के दौरान शांति और सौहार्द का माहौल बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की ओर से हर संभव कदम उठाए जाएंगे ताकि त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जा सकें। नायब तहसीलदार दिनेश आसठी ने कहा कि सभी लोग त्योहारों को प्रेम सौहार्द के साथ मनाएं। मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी ने अवैध पैकरी शराब की तुरंत बंद करने का मुद्दा उठाया । बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने भी अपने सुझाव दिए

खितौली पुलिस चौकी प्रभारी केके पटेल द्वारा होली व रमजान त्योहार को मद्देनजर रखते हुए शांति समिति की बैठक चौकी प्रांगण में आयोजित की गई। चौकी प्रभारी ने सभी से आग्रह किया की अपने अपने गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखें विवाद की स्थिति उत्पन्न न होने दें शांति सौहार्द का माहौल बनाएं रखना हम सभी की जिम्मेदारी है पुलिस प्रशासन की ओर से हर सम्भव कदम उठाए जाएंगे ताकि त्योहार शांति पूर्ण तरीके से मनाया जायें बैठक में गणमान्य नागरिकों ने अपना सुझाव दिया चौकी प्रभारी ने समझाइश देकर ग्रामीणों से अपील की अगर शराब पीकर कोई शराबी विवाद की स्थिति उत्पन्न करता है उसको बक्सा नहीं जायेगा उस पर कार्यवाही की जायेगी और अवैध शराब बेचने वाले के खिलाफ भी कार्यवाही की जायेगी अगर कहीं भी विवाद की स्थिति हो तत्काल पुलिस को सूचना दें पुलिस हर समय आपके साथ हैं।

विजयराघवगढ़ थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक में अधिकारियों ने उपस्थित जनों से पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने की अपील की और त्यौहार के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में विचार विमर्श किया गया। थाना प्रभारी ने होलिका दहन समय पर करने, जबरन रंग न लगाने, किसी के ऊपर कीचड़, मिट्टी न फेंकने, शराब के नशे में उत्पात न मचाने की अपील भी की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शर्मा ने कहा कि रंग में भंग डालने और उत्पात मचाने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी।

---



# त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी होली, रमजान के संबंध में शांति समिति की बैठक बड़वारा थाना परिसर में आयोजित की गई। इस बैठक में नायब तहसीलदार इसार खान की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपील की गई। बड़वारा थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि त्यौहार के दौरान शांति और सौहार्द का माहौल बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की ओर से हर संभव कदम उठाए जाएंगे ताकि त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जा सकें।

नायब तहसीलदार इसार खान ने कहा कि सभी लोग त्योहारों को प्रेम सौहार्द के साथ मनाएं। इंसानियत के फर्ज को निभाएं होली व रमजान पर्व स्नेह एवम भाईचारे के साथ खुशी के साथ मनाएं। बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने भी अपने सुझाव दिए और कहा कि समाज के - सभी वर्गों को मिलकर त्यौहार के दौरान शांति और सौहार्द का माहौल बनाए रखने में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेद ने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे त्यौहार के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि पुलिस समय पर कार्रवाई कर सके।

इस दौरान जनपद सदस्य सुनील सिंह, एन. डी.तिवारी, डॉ राजेश सिंह चौहान झल्लू सोनी,राणा सिंह, सुरेश विश्वकर्मा, ओमकार सिंह उर्फ खली, मोहम्मद अमीन,हाफिज जमील अख्तर, शेख हमीद, आबिद खान, अरुण निगम,रवि कचेर मौजूद रहे।

---

### विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत में हुआ विवाह आयोजन

# सामूहिक विवाह में 112 नव युगलों ने 7 फेरे लेकर दांपत्य बंधन में हुए आबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत गुरुवार को विजयराघवगढ के जनपद पंचायत प्रांगण में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत विजयराघवगढ के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 112 जोड़ो (110 जोड़े जनपद$ 2 नगर परिषद विगढ) का विवाह धार्मिक मंत्राचार एवं वैदिक रीति-रिवाज के साथ धूम-धाम से सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम हेतु स्थानीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक का निज-निवास वर एवं बराती पक्ष हेतु जनवासा रहा जबकि जनपद पंचायत सभाकक्ष वधुओं के घर का आंगन बना। साथ ही वधु को 49 हजार रूपये से लाभान्वित किया जायेगा।

जिसके परिपेक्ष्य में नव विवाहित जोड़ों को 49,000 रुपए का सांकेतिक चेक उपस्थित गणमान्य अतिथियों के कर कमलों द्वारा प्रदाय किया गया । इस दौरान हजारों की संख्या में लोग इस सामूहिक विवाह के साक्षी बने।

वर-वधु को आर्शीवाद देने जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुधा कोल, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती वसुधा मिश्रा, जनपद उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य प्रेमलाल केवट एवं संगीता पटेल, सभी जनपद पंचायत सदस्यों एवं नगर परिषद से उपाध्यक्ष एवं पार्षद गणो के साथ-साथ मण्डल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, विवाह आयोजन समिति से श्रीमति कुमरिया बाई , शिवनारायण त्रिपाठी आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सी.ई.ओ. जनपद ब्रतेश जैन, सहायक यंत्री आई पी साकेत, बीपीओ फूल सिंह बागरी, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी हर्षित असाटी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी आलोक पटेल जनपद पंचायत से समस्त एडीईओ, पीसीओ, उपयंत्री के साथ-साथ अन्य विकासखंड स्तरीय अधिकारी- कर्मचारियों एवं ग्राम पंचायत के सचिवों, ग्राम रोजगार सहायकों की उपस्थिति रही।

---

### गुंडे बदमाशों की क्लास लेकर दी सख्त हिदायत



होली पर्व में अप्रिय वारदातों को रोकने एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस ने शहर भर से करीब 40 से ज्यादा गुंडे-बदमाशों को पकड़कर थाने लाकर अपराध नहीं करने की हिदायत दी। कोतवाली में पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने कोतवाली पहुंचकर गुंडा, बदमाशों और हिस्ट्रीशीटर को हिदायत दी कि पर्व के दौरान अपराधों से दूर रहें। शहर से कहीं बाहर जाएं तो पुलिस को सूचना दें। उन्होंने पुलिस को भी निर्देशित किया है कि अपराधिक तत्वों पर पैनी निगाह रखी जाए और यदि कोई भी तत्व किसी अपराध में संलिप्त पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। मीडिया से बातचीत करते हुए एसपी ने बताया कि होली पर्व के मद्देनजर पुलिस द्वारा सतर्कता बरतते हुए पैदल मार्च किया जा रहा है और आपराधिक तत्वों को संदेश दिया जा रहा है कि अपराधों से दूर रहें। अन्यथा पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, सीएसपी ख्याति मिश्रा, कोतवाली टीआई आशीष शर्मा, बस स्टैंड चौकी प्रभारी योगेश मिश्रा, खिरहनी चौकी प्रभारी महेंद्र जायसवाल सहित कोतवाली का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

---

# 12वीं की परीक्षा में 2633 परीक्षार्थी हुए शामिल, 28 छात्र रहे गैर हाजिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार यादव के निर्देशन मं कटनी जिले में 10वी एवं 12वी बोर्ड की परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से संचालित है। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार 7 मार्च को 12वीं बोर्ड के भूगोल, फसल उत्पादन विषय की परीक्षा जिले के 54 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा के दौरान कुल दर्ज 2661 परीक्षार्थियों में से 2633 परीक्षार्थी परीक्षा के दौरान उपस्थित रहे तथा 28 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार यादव द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के निरीक्षण के लिए नियुक्त किये गये अधिकारियों द्वारा आज परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर परीक्षाओं का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री पी.पी. सिंह द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी, मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल विजयराघवगढ़, गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल कारीतलाई, गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल हरैया, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैमोर स्थित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। वहीं सहायक संचालक राजेश अग्रहरि ए.डी.पी.सी अभय जैन, प्राचार्य आलोक पाठक के निरीक्षण दल ने परीक्षा केन्द्र कैलवारा कला एवं कन्हवारा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

---

### होली पर्व को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अलर्ट पर

# चाकू लेकर घूम रहे दो आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, अपराध किया पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





होली त्योहार के दौरान अपराधियों पर अंकुश लगाने और शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के लिए माधवनगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन, डॉ संतोष डेहरिया अति. पुलिस अधीक्षक, ख्याती मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी माधवनगर एवं उनकी पुलिस टीम के द्वारा की गई।

पुलिस के मुताबिक गत रात को थाना माधवनगर की टीम ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर एसीसी रोड, फुटहा बंगला के पास एक व्यक्ति को बटनदार चाकू लेकर घूमते हुए पकड़ा। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम अनिल उर्फ अन्नू वंशकार (21 वर्ष) पिता सुखलाल वंशकार है, जो अमीरगंज माधवनगर का निवासी है। आरोपी के विरूद्ध धारा- 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्द किया गया।

इसी तरह डेहरु लाइन क्षेत्र में एक अन्य संदिग्ध व्यक्ति को हाफ पैंट की जेब में बटनदार चाकू लेकर घूमते हुए पकड़ा गया। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम राहुल वंशकार (26 वर्ष) पिता रामश्रय वंशकार है, जो डेहरु लाइन, माधवनगर का निवासी है। उसके पास से भी एक बटनदार चाकू बरामद किया गया। आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी है। आरोपी के विरूद्ध धारा- 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्द किया गया। पुलिस व्दारा होली और धुरेड़ी त्योहार के दौरान अपराधियों पर नजर रखने और सुरक्षा सुनिश्चित करने कार्रवाइयां जारी रहेंगी। माधव नगर थाना प्रभारी ने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

कार्यवाही में उनि रूपेंद्र राजपूत प्रआर. श्रीकान्त सेन, पवन सिंह परिहार, आरक्षक अर्जुन सिंह, राकेश साहू की भूमिका रही।

---

### चिया की खेती से बढ़ेगी जिले के किसानों की आय

# जिले में 25 एकड़ में चिया बीज की खेती का किया गया नवाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जलवायु परिवर्तन मृदा स्वास्थ्य में परिवर्तन बढ़ती जनसंख्या, घटती कृषि जोत के कारण कृषि क्षेत्र में चिया की खेती कृषकों के लिए कम लागत में अधिक मुनाफे की फसल साबित हो रही है। खान-पान में लगातार जंक फूड, तेलीय भोजन के उपयोग के कारण लोग मोटापे, हाई बीपी, शुगर, कमजोर हड्डियों की बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। बाजार में लगातार उच्च फाइबर, कैल्शियम, मैंगनीज, ओमेगा 3, फैटी एसिड आदि पोषक तत्वों की उपलब्धता के साथ युवाओं में स्लिम बॉडी का रुझान एवं फैट कटर के रूप में अपनी पहचान बनाने वाली फसल चिया बीज की बढ़ती मांग को देखते हुए आत्मा योजना से जिले में 25 एकड़ में चिया बीज की खेती का नवाचार किया गया है। चिया की खेती में प्रति एकड़ 2 किलोग्राम बीज की आवश्यकता होती है किसान भाई खेत की तैयारी के बाद जैविक खाद का उपयोग कर सीधे चिया बीज की बोनी कर पानी लगाकर 125 से 130 दिनों में 4 से 5 किंटल उत्पादन प्रति एकड़ प्राप्त कर 50 हजार से 60 हजार रुपए प्रति एकड़ का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

#### पोषक तत्वों से भरपूर चिया

पोषक तत्वों से भरपूर चिया के बीज आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जिनमें फाइबर, प्रोटीन, ओमेगा-3 फैटी एसिड, कैल्शियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस शामिल हैं। दिल दिमागरू चिया बीज में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड वजन घटाने में मदद कर सकता है। कोलेस्ट्रॉल का स्तर, रक्तचाप कम करता है, और समग्र हृदय स्वास्थ्य का समर्थन करता है। वजन प्रबंधन चिया बीज में मौजूद उच्च फाइबर सामग्री तृप्ति को बढ़ावा देती है और भूख को नियंत्रित करने में मदद करती है, जिससे वजन प्रबंधन और स्वस्थ खाने की आदतों में सहायता मिलती है। पाचन स्वास्थ्य चिया बीज में घुलनशील फाइबर होता है स्वस्थ पाचन तंत्र, कब्ज को कम करने और नियमित मल त्याग को बढ़ावा देने में मदद करता है।

रक्त शर्करा विनियमन चिया बीज रक्त शर्करा के स्तर को स्थिर रखने में मदद करते हैं, जिससे वे मधुमेह या इंसुलिन प्रतिरोध वाले व्यक्तियों के लिए फायदेमंद होते हैं। हड्डी का स्वास्थ्य चिया बीज कैल्शियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस का एक समृद्ध स्रोत हैं, जो मजबूत और स्वस्थ हड्डियों को बनाए रखने में योगदान करते हैं। ऊर्जा को बढ़ावा चिया बीज कार्बोहाइड्रेट और पोषक तत्वों को धीरे-धीरे जारी करने के कारण स्थायी ऊर्जा प्रदान करते हैं। एंटीऑक्सीडेंट गुण चिया बीजों में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव तनाव से बचाने में मदद करते हैं और दीर्घकालिक बीमारियों के जोखिम को कम करते हैं। प्रति 100 ग्राम पोषक तत्व मूल्य ऊर्जा 486 कैलोरी, कार्बोहाइड्रेट 42.1 ग्राम, वसा 30.7 ग्राम, प्रोटीन 16.5 ग्राम, रेशा 34.4 ग्राम, विटामिन सी1.6 मिग्रा, विटामिन ई 0.5 मिलीग्राम, विटामिन बी 3 8.83 मिग्रा, कैल्शियम 631 मिलीग्राम, फ़ास्फ़रोस 860 मिलीग्राम, सोडियम 16 मिलीग्राम, पोटैशियम 407 मिलीग्राम। चिया बीज पोषक तत्वों के अलावा, ये काले या सफेद बीज विटामिन ए, बी1, बी2 और सेलेनियम, जस्ता, मैंगनीज और तांबे जैसे अन्य खनिजों से समृद्ध होते हैं।

परियोजना संचालक आत्मा किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्रीमती रजनी चौहान नें बताया कि जिले में चिया बीज उत्पादन कर रहे ग्राम सुनाई के कृषक सोनेलाल पटेल, संजय मिश्रा एवं ग्राम चरगैवा के कृषक संदीप तिवारी के खेतों का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान कृषकों को फसल की कटाई एवं भंडारण के अतिरिक्त अन्य तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया।

कृषकों द्वारा जिले में गठित कृषक उत्पाद संगठन के माध्यम से ब्रांडिंग, पैकिंग कर अन्य जिले में बेचने की रणनीति बनाई जा रही है साथ ही कृषकों को समय-समय पर चिया की खेती हेतु लगातार तकनीकी मार्गदर्शन दिया जा रहा है। कृषकों के खेतों में भ्रमण के दौरान परियोजना संचालक आत्मा सुश्री रजनी चौहान, विशेषज्ञ डॉ. सारस्वत जी, तकनीकी प्रबंधक अतुल सिंह एवं प्रवीण पाठक उपस्थित रहे। बाजार व्यवस्था सुदृढ करने एवं कृषको को चिया बीज का उचित मूल्य दिलाए जाने हेतु मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह एवं चंद्रपाल कुशवाहा द्वारा बड़वारा के ग्राम बिजोरी में खरीदी का क्लस्टर तैयार किया जा रहा है।

---

# डेयरी संचालक पर लगाया 20 हजार रुपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत न्याय निर्णायक अधिकारी साधना परस्ते नें माधव नगर स्थित आशू डेयरी के संचालक सोनेलाल यादव निवासी एम.ई.एस कॉलोनी माधवनगर कटनी पर अवमानक खाद्य पदार्थ दूध एवं पनीर का विक्रय करने पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही करते हुए 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी द्वारा विगत 4 मार्च 2023 को माधव नगर स्थित आशू डेयरी की जांच की गई। जांच के दौरान संचालक सोनेलाल यादव की उपस्थिति में निरीक्षण के दौरान मौके पर दूध, घी एवं पनीर वगैरह का संग्रह कर विक्रय करते हुए पाया गया। निरीक्षण के जांच करने पर उक्त व्यवसाय का एफ. एस.एस.ए.आई के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन पाया गया। दुकान संचालक द्वारा बताया गया कि दुकान का सालाना टर्नओवर 12 लाख रुपये से कम है। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में विक्रय हेतु संग्रहित दूध,एवं पनीर में मिलावट की आशंका होने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए गवाहों की उपस्थिति में दूध, एवं पनीर का जांच नमूना लिया जाकर पंचनामा तैयार किया जाकर गवाहों एवं विक्रेता को सुनाया जाकर नमूना जांच हेतु सीलबंद लिफाफा भेजा गया।

कार्यालय अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा उक्त नमूने की परीक्षण रिपोर्ट 17 मई 2023 को प्रेषित कर भेजे गए दूध, एवं पनीर का नमूना अवमानक होने की सूचना दी गई।

न्याय निर्णायक अधिकारी साधना परस्ते द्वारा अनावेदक सोनेलाल यादव निवासी एम.ई.एस कॉलोनी को 20 हजार रुपये के आर्थिक दंड से दंडित किया गया है।

खबर संक्षेप

## गर्भवती महिलाओं की विशेषज्ञ जांच 10 मार्च को

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया गर्भावधि दौरान महिलाओं की समुचित स्वास्थ्य देखभाल के लिए निरंतर रूप से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत चिन्हित जोखिम वाली महिलाओं को विशेषज्ञ स्वास्थ्य जांच-उपचार सेवा हेतु हर माह की 9 एवं 25 तारीख को जिला एवं खण्ड स्तर पर विशेष स्वास्थ्य जांच-उपचार क्लीनिक आयोजित किये जाते है। 9 मार्च रविवार अवकाश दिवस होने के कारण 10 मार्च को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक सिविल अस्पताल हटा सहित समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 11 मार्च को जिला चिकित्सालय में लगाये जायेंगे।

## सामान्य प्रशासन स्थाई समिति की बैठक 11 मार्च को

**दमोह।** जिला पंचायत दमोह की सामान्य प्रशासन स्थाई समिति की बैठक 11 मार्च 2025 को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 02 बजे से आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने समस्त संबंधितो से उक्त बैठक में उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है।

## भारतीय किसान संघ का स्थापना दिवस मनाया

**बनवार।** भारतीय किसान संघ ने जबेरा तहसील के ग्राम इमलिया मानगढ़ में अपना स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर भारत माता, कृषि देवता भगवान बलराम और दत्तोपंत जी ठेंगड़ी के छायाचित्र पर तिलक वंदन और माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में जिला टीम के कई सदस्य उपस्थित थे, जिनमें जिला अध्यक्ष श्री राम पटेल, युवा संयोजक राजकुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह राजपूत, तहसील अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, प्रचार प्रसार प्रमुख प्रवीण कुमार दुबे शामिल थे। इसके अलावा, सैकड़ों की संख्या में किसान भाइयों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## एसडीएम ने फॉर्मर रजिस्ट्री सबंधी कार्य का किया निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गए निर्देशों के तहत जिले में फॉर्मर आई डी सबंधी राजस्व कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम ने कुम्हारी, कुलुआ, मझगुवा हंसराज, पटेरिया सहित अन्य ग्रामों में फॉर्मर रजिस्ट्री सबंधी कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पटवारी और सर्वेयर को निर्देशित किया गया कि समय सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए।

### हिण्डोरिया शाखा का लिया जायजा, स्व-सहायता समूह की महिलाओं के साथ किया संवाद

# अटल पेंशन योजना एवं सूर्य घर योजना में अभी और काम करने की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



डीएफएस डायरेक्टर श्रीकांत नामदेव द्वारा आकांक्षी जिला दमोह के भ्रमण दौरान कलेक्टर कार्यालय सभागृह में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलफगारे, एसएलबीसी के मुख्य प्रबंधक दीपक रंजन, लीड बैंक मैनेजर नरेंद सोनी एवं दमोह जिले के सभी बैंकों के जिला समन्वयक अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। डीएफएस डायरेक्टर श्री नामदेव ने सभी बैंकर्स को आकांक्षी जिला होने के कारण PMJJBY, PMSBY, अटल पेंशन योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि दमोह जिले में सभी बैंकर्स ने अच्छा काम किया है। लेकिन अटल पेंशन योजना एवं सूर्य घर योजना में अभी और काम करने की आवश्यकता है।

डीएफएस डायरेक्टर श्री नामदेव ने कहा लगभग सभी योजनाओं में अच्छा काम हुआ है, अटल पेंशन योजना और मुक्त सूर्य घर बिजली योजना है, इन दो योजनाओं का या तो चालू नहीं हुआ है या उतनी गति नहीं पकड़ पाये हैं जितनी अपेक्षा की गई थी। आप अपनी कमर कसे और यह फाइनेंशियल ईयर पूर्ण हो रहा है, लेकिन आप उसका टारगेट कैसे अचीव कर पाएंगे, इसके लिए यदि कोई योजना बना सकते हैं तो बनाइये। उन्होंने कहा इसके अलावा आपकी कोई समस्या है या सुझाव है, तो भी आप मुझे बता सकते हैं, बाकी आपकी बैंकिंग पैरामीटर अच्छे हैं, यहां विजिट की और बैंक सखियों से मिला और उनकी भी कोई समस्याएं नहीं है। संयुक्त रूप से बैंकर्स बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, इसके लिए मैं आप लोगों को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं कि बैंकर्स लोग बहुत मेहनत से काम कर रहे हैं और जिला प्रशासन भी इसके लिए काबिले तारीफ है।

कलेक्टर श्री कोचर ने बैंकर्स को सभी योजनाओं में काम करने के निर्देश दिये। श्री नामदेव जी ने जो निर्देश दिए हैं, सुझाव दिए हैं उनका पालन सुनिश्चित करायेंगे। और आगे आने वाली डीएलसीसी की मीटिंग में सारी बिंदु रेगुलरली रूप से इंम्प्रूव करेंगे। बैठक में मध्यांचल बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक चेतन ठाकुर, स्टेट बैंक मुख्य प्रबंधक आशीष रावत, यूनियन बैंक के मुख्य प्रबंधक आशीर्वाद चतुर्वेदी एवं सभी बैंकों के प्रबंधक उपस्थित रहे।

बैठक के पूर्व श्री नामदेव द्वारा स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया हिंडोरिया शाखा का भ्रमण कर जायजा लिया एवं आजीविका ट्रेनिंग सेंटर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ संवाद किया। उन्होंने योजनाओं से संबंधित जानकारी सांझा की और महिलाओं द्वारा अच्छा कार्य करने के लिए समूहों को प्रोत्साहित किया।

# श्रमिक महिलाओं का किया सम्मान



**दमोह।** लीनेस मैत्री क्लब द्वारा किया गया। ली. अनीता टंडन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर श्रमिक महिलाओं के सम्मान में सभी को उपहार भेंट दी। लीनेस क्लब ने अपने परिवार के लिए रोटी कमाने में जुटी महिलाओं के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में, विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिक महिलाओं को उनकी मेहनत और योगदान के लिए सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में बबली जुनेजा, पूजा सचदेव और नर्मदा सिंह ने श्रमिक महिलाओं के अधिकारों और उनके कल्याण के बारे में बात की। अध्यक्ष स्मृति खरे ने कहा कि श्रमिक महिलाएं हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और हमें उनके अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। कार्यक्रम में एरिया ऑफिसर रोजी बग्गा ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए वक्तव्य दिया। विभिन्न गांवों से आई कामकाजी महिलाओं ने अपने सम्मान के लिए आयोजकों को धन्यवाद दिया। श्रमिक महिलाओं ने कहा कि वे अपने काम को लेकर बहुत खुश हैं और वे समाज के विकास में अपना योगदान देना जारी रखेंगी। लीनेस मैत्री क्लब समाज में सेवा कार्य करने के लिए महिलाओं द्वारा क्रियान्वित एक सफल क्लब है। महिला दिवस पर सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।

## एकलव्य विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

**दमोह।** एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह, के शिक्षा एवं पुस्तकालय विज्ञान संकाय एवं एनईपी सारथी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति श्रीमती पूजा मलैया एवं श्रीमती रति मलैया के कुशल नेतृत्व एवं कुलगुरू प्रोफेसर डॉ.पवन कुमार जैन, कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलगुरू प्रोफ़ेसर डॉ. पवन कुमार जैन, कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रकाश खम्परिया, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शैलेन्द्र जैन, अधिष्ठाता डॉ. आर सी जैन, संगोष्ठी संयोजिका एवं संचालिका डॉ. सुदेश बाला जैन की गरिमामयी उपस्थिति में वाणी की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात संगोष्ठी में पधारे विषय विशेषज्ञों का स्वागत पौधा देकर किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सुदेश बाला जैन द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया साथ ही संगोष्ठी की विस्तृत रूपरेखा पटल पर रखी गयी। कुलगुरू प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार जैन ने संबोधित करते हुए प्राचीन शिक्षा पद्धति को बताते हुए वर्तमान में उसकी उपयोगिता को रेखांकित किया। कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नई शिक्षा नीति के तहत भारतीय ज्ञान परंपरा को व्यावहारिक जीवन में उतारने की बात कही।

## अहंकार का नष्ट होना ही भगवत प्राप्ति का साधन है : पं.आशीष कृष्णा

**बनवार।** बगलवारा (सगरा) में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस में पंडित आशीष कृष्ण शास्त्री जी ने भगवान श्री कृष्ण की 11 वर्ष 56 दिन की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि परमात्मा अविद्यारूपी पूतना को 7 दिन में ही दुग्धपन करके मुक्त कर देते हैं। समस्त मानवों के पांच कर्मेंद्रियां पांच ज्ञानेंद्रिय मन बुद्धि चित्त और अहंकार यह 14 ऐसी जगह हैं जिसके अंदर पूतना अपना निवास बनाती है इसका तात्पर्य है की जीव जब भगवान के निकट पहुंच जाता है। तब उसके सभी विकार नष्ट हो जाते हैं किस प्रकार अघासुर, बकासुर धेनुकासुर, प्रलंबासुर,कालिया जैसे सर्प के फनों पर नृत्य कर भगवान बृजवासियों की और समस्त जीव मात्र की रक्षा करते हैं तो कभी संसारिक जीव गोपिकाओं को आनंदित करने के लिए उनके घर दही माखन की चोरी करते हैं। ईश्वर की विभिन्न लीलाओं पर मोहित होकर के साक्षात ब्रह्मा जी भी भगवान को समझ नहीं पाए और तब उन्होंने गौओ बछड़ो के साथ समस्त गोप ग्वालों का भी हरण कर लिया। अंत में इंद्र के अहंकार को नष्ट करने के लिए परमात्मा ने गोवर्धन की लीला करके बृजवासियों को यह बताया की कर्म ही प्रधान है। आप ईश्वर के भरोसे मत रहिए कर्म करिए तो सफलता जरूर मिलेगी 7 दिन 7 रात मूसलाधार बारिश होने के बाद परमात्मा ने उंगली पर गोवर्धन उठाकर यही उपदेश दिया है कि आप अपने कर्तव्य का निर्वहन करो क्योंकि समस्याएं कभी भी हमारे साथ आ सकती हैं। कथा पंडित गोविंद तिवारी राधे महाराज मुख्य यजमान- कल्लू सिंह राजेश सिंह महेश सिंह सहित आसपास क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

### अटल भूजल योजना के तहत फ्रंट लाइन वर्कर का प्रशिक्षण में सम्मानित...

# पानी बचाने का कार्य करना एक अच्छी पहल-एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया




जनपद पंचायत के सभागार में अटल भूजल योजना अंतर्गत विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निकेत चौरसिया, एस.एस. अहिरवार, डीपीएमयू नोडल अधिकारी सागर एवं जन अभियान परिषद जिला समन्वयक सुशील नामदेव, डीके शुक्ला, रविन्द्र पाल सिंह रैना ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। फ्रंटलाइन वर्कर्स को दी गई जल संरक्षण की ट्रेनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखंड के फ्रंटलाइन वर्कर्स उपस्थित रहे। अनुविभागीय अधिकारी चौरसिया ने कहा कि अटल भूजल योजना के तहत जल संरक्षण एक गौरव की बात है और इस दिशा में सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने फ्रंटलाइन वर्कर्स को बोरी बांधन और जागरूकता अभियानों के माध्यम से जल बचाने के लिए प्रेरित किया। तकनीकी जानकारी और मोबाइल एप्लीकेशन पर विशेष जोर कार्यक्रम अध्यक्षता कर रहे नोडल अधिकारी एस.एस.अहिरवार ने बताया कि कमजोर प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को सुधारने के लिए कृषकों को कृषि उपकरणों के अधिक से अधिक आवेदन करने हेतु प्रेरित किया उन्होंने सभी को अटल भूजल योजना के मोबाइल एप्लिकेशन में सही डेटा संधारित करने, फ्लो मीटर के उचित उपयोग एवं हर माह की 10 तारीख तक ग्राउंड वाटर लेवल और फ्लो मीटर की रीडिंग अपडेट करने की सलाह दी।हाइड्रोजियोलॉजिस्ट रविंद्र पाल सिंह रेना ने अटल ऐप के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी, वहीं आईईसी एक्सपर्ट विक्रम सिंह ठाकुर ने जल साक्षरता रथ, डिजिटल वॉल पेंटिंग, और प्रचार-प्रसार की अन्य गतिविधियों पर चर्चा की। मोबाइल एप से लिए जाने वाले डेटा की एक्यूरेसी जरूरी डी.के. शुक्ला हाइड्रोजियोलॉजिस्ट डीपीएमयू ने वर्षा मापी यंत्र, वाटर फ्लो मीटर, साउंडर, पीजोमीटर, और जल परीक्षण किट के सही उपयोग की जानकारी दी। साथ ही, सभी वालंटियर्स को किसानों को ड्रिप सिंचाई और स्प्रिंकलर विधि अपनाने के लिए प्रेरित करने को कहा गया, विकासखंड समन्वयक जन अभियान परिषद उमाशंकर उपाध्याय द्वारा अटल भूजल योजना अंतर्गत आयोजित किए गए प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं अब तक किए गए कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई।

### जल संरक्षण के लिए QR कोड ब्रॉशर का विमोचन

कार्यक्रम के समापन अवसर पर जनपद पंचायत पथरिया के प्रभारी सीईओ रामभरत कटारे ने जल संरक्षण हेतु सभी वॉलेंटियर्स को प्रेरित किया। इसके अलावा, योजना में जागरूकता बढ़ाने के लिए QR कोड ब्रॉशर का विमोचन किया गया। गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ परेड में शामिल और जल संरक्षण में उल्लेखनीय कार्य करने वाले जल योद्धा दिलीप पटेल को सम्मानित किया गया और गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के अनुभव साझा किए कार्यक्रम में उपस्थित अटल भूजल योजना के फ्रंटलाइन वर्कर्स को टी-शर्ट और कैप वितरित की गई। इस अवसर पर कृषि विशेषज्ञ सूर्यभान पटेल, सिविल इंजीनियर हरिचरण आठ्या, विक्रम सिंह ठाकुर आईईसी एक्सपर्ट सहित कई फ्रंटलाइन वर्कर्स उपस्थित रहे।

# महिला किसानों को किया गया सम्मानित

**तेंदूखेड़ा।** ग्रामीण विकास समिति के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सम्मलेन का आयोजन कृषि उपज मंडी तेंदूखेड़ा प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर विदिशा की जलवायु परिवर्तन विशेषज्ञ पीयूषा यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में तेंदूखेड़ा ब्लॉक के 30 गांवों से 500 से अधिक



महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी रही। हर नारी, बराबर की अधिकारी विषय पर विचार रखे। साथ ही, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता पर विशेषज्ञों ने अपने महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। महिला किसानों और प्राकृतिक एवं जैविक खेती में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला किसानों को साल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। वहीं, स्वरोजगार में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें सभी ने सराहा। यह आयोजन महिलाओं को प्रेरित करने और उनके योगदान को सम्मानित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।इस कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनीता ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष कौशल्या मेंमार, जनपद सदस्य साधना ठाकुर धनगौर, लक्ष्मी ठाकुर सहजपुर, प्रभारानी नरगुवा, सरपंच सुशील ठाकुर पिंडरई, आरती ठाकुर नरगुवा, नीता वेन बैलवाड़ा, ऋचा लोधी, डॉ मनीषा कुमारिया अमर वीरांगना रानी दुर्गावती महाविद्यालय की प्रोफेसर, कृषि विस्तार अधिकारी प्रिया तिवारी, विमला ठाकुर पर्यवेक्षक महिला वाल विकास एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

# जीतू पटवरी का पुतला फूंककर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**तेंदूखेड़ा।** केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटैल के समर्थको के द्वारा सबसे पहले तारादेही चैराहे पर जीतू पटवारी का पुतला फूका इसके बाद राज्यपाल के नाम एसडीएम को सोपा जिसमें उल्लेख किया है कि विगत दिवस नगर पालिका दमोह में आयोजित रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा स्थापना समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें समस्त लोधी समाज के लोगों को तथा प्रहलाद सिंह पटैल केबिनेट मंत्री म.प्र. शासन को भी समाज के नेता होने के नाते बुलाया गया था। उक्त कार्यक्रम किसी भी प्रकार से न तो शासकीय था और न ही राजनैतिक था, जिसमें प्रहलाद सिंह पटैल ने समाज के लोगों को संबोधित किया था और उन्होंने कबीरदास जी की कविता की इन लाईनों को कि मांगन मरन समान है मति मांगो कोई भीख, मांगन से मरना भला, यही सद्गुरू की सीख को समझाते हुए समाज के लोगों को सबल एवं सक्षम बनाने हेतु प्रेरित किया था। उनका उद्देश्य किसी का निरादर करना नहीं था, बल्कि समाज के लोगों को स्वाबलंबी बनने हेतु प्रेरित करना था। उन्होंने आम जनता के लिए कोई अप्रिय बात नहीं की थी, परंतु बिना प्रहलाद पटैल का पक्ष सुने म.प्र. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं कांग्रेस के नेताओं ने प्रहलाद पटेल के उक्त कविता में वर्णित बातों को तोड़ मरोड़कर पेश करके मीडिया एवं जनता को भ्रमित करने की कोशिश की जा रही है तथा प्रहलाद पटैल की छवि को धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। प्रहलाद पटेल क्षेत्र की जनता के सर्वमान्य नेता हैं, जिन्होंने कभी भी कोई ऐसी बात नहीं कहीं जिससे आम जनता को ठेस पहुंचे। कांग्रेस पार्टी एवं उनके नेताओं के द्वारा झूठे आरोप लगाकर प्रहलाद पटैल की छवि धूमिल करने की कोशिश की गई है, जिससे समस्त जिले के उनके समर्थक आहत एवं दुखी हैं। जीतू पटवारी एवं कांग्रेस पार्टी प्रहलाद पटैल से माफी नहीं मांगते हैं, तो हम समस्त समर्थकगण घनघोर आंदोलन करने विवश होंगे क्यों कि हमारे क्षेत्र के लोकप्रिय एवं यशस्वी नेता का अपमान हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। ज्ञापन देने के दौरान मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल, मूरत सिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेष जैन, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, गोविन्द यादव, पंडित रमेष तिवारी, रष्मि साहू, मुन्नालाल विष्वकर्मा, चेतन जैन, शुभम जैन, मुन्नी महाराज, दुर्गा प्रसाद गोठियां, विवेक जैन, सत्यम जैन, रविकुमार लोधी, राजकुमार ठाकुर, महेष झारियां, लोचन सिंह सहित दर्जनो लोग मौजूद रहे।

# माहे रमजान में चल रहा इबादत का सिलसिला घरों से लेकर मस्जिद तक बिखरी रौनक



### रोजा सिर्फ भूखे और प्यासे रहने का नाम नहीं, गुस्सा और फरेब को छोड़ें, लाएं संयम व एकाग्रता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

पवित्र रमजान माह की शुरुआत होते ही मुस्लिम समुदाय के लोग इबादत में मसरूफ हो गए हैं। रमजान में दिन भर रोजे रहना और पांच वक्त की नमाज के साथ रात में नमाजे तरावीह की इबादत में लोगों का वक्त बीत रहा है। बाजार में रमजान की खास रौनक देखने को मिल रही है। रमजान को देखते हुए नगर की जामा मस्जिद के साथ सभी मस्जिदों में खास इंतजाम किए गए हैं। रमजान के छठवें दिवस पहले जुमा की नमाज अता की गई वहीं शाम 6:20 बजे सभी मस्जिदों में सामूहिक रोजा इफ्तार किया गया।

### मुहब्बत और खुलूस का महीना है रमजान- मु. यासीन खान

ईदगाह मस्जिद के सदर मुहम्मद यासीन खान ने कहा कि रमजान की बहुत सी फजीलत है और हमें यह सब्र का पैगाम देता है। यह पाकीजा महीना हमें उन गरीबों और मोहताजों के बारे में एहसास दिलाता है, जिन्हें दो वक्त की रोटी नसीब नहीं होती है। भूख और प्यास का एहसास जब हमें होता है तो इसकी अहमियत पता चलती है कि गरीबों और मोहताज लोगों की भूख-प्यास का भी हमें खयाल रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि रमजान को मोहब्बत और खुलूस का महीना भी कहा गया है। हमेशा सब्र का दामन थामे रखना चाहिए अपनी जिंदगी को अल्लाह की राह में लगा देना चाहिए।

### अल्लाह का महीना है रमजान

रमजान की फजीलत बयान करते हुए हाजी हक्कू व यासीन खान ने बताया कि अल्लाह के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद ने फरमाया कि शाबान मेरा महीना ओर रमजान अल्लाह का महीना है। इस महीने में अल्लाह बंदों की नेकी को बढ़ा देता है। एक फर्ज सत्तर फर्जों के बराबर हो जाते हैं। इसलिए बंदों को नेकी के तरफ तेजी से कदम बढ़ाना चाहिए। अल्लाह कहता है हर इबादत का बदला फरिश्तों के जरिए से मैं देता है लेकिन रोजे का बदला में खुद देता हूं। रोजा बुराई से रोकता है, ये रहमत, बरकत और माफी कराने का महीना है। अपने गुनाहों से तौबा कर अल्लाह को राजी करें। उन्होंने कहा कि रोजा सिर्फ भूखे और प्यासे रहने का नाम नहीं है बल्कि रोजे के मकसद से इंसान अपने अंदर गुस्सा, झूठ, फरेब, बुरे काम छोड़कर कर संयम, एकाग्रता और अल्लाह का डर ला सके क्योंकि रोजा अल्लाह का हुक्म है।

### मस्जिदों में जारी है तरावीह की नमाज

रमजान के मौके पर रात में ईशा की नमाज के बाद नगर की जामा मस्जिद के अलावा मदार चिल्ला स्थित छोटी मस्जिद, कटरा मुहल्ला मस्जिद में तरावीह की नमाज पढ़ाई जा रही है। जिसमें 26 वां रोजा पूरा होने से ठीक पहले पवित्र कुरआन इस तरावीह की नमाज के दौरान पूरा सुनाया जाएगा।

# विश्व महिला दिवस : कॉमन कैंसर की जांच शास स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क की जायेगी

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि 8 मार्च विश्व महिला दिवस के मौके पर महिलाओं में सर्वाधिक पाये जाने वाले कैंसर का प्रारंभिक अवस्था में ही पता लगाकर समुचित उपचार के लिए कॉमन कैंसर की जांच 8 मार्च से 31 मार्च दौरान जिला चिकित्सालय सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में की जायेगी। सी.एम.एच.ओ. डॉ. जैन ने कहा कि भारतीय महिलाओं को होने वाले कैंसर में स्तन, सर्वाईकल, ओरल कैंसर सर्वाधिक पाया जाने वाला रूप है। शुरूआती अवस्था में इनके लक्षण नजर नहीं आते है। शुरूआती अवस्था में इन तीनों कॉमन कैंसर का पता लगने पर उपचार आसान रहता है। उन्होने बताया कि निरोगी काया अभियान अंतर्गत 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में 14 फरवरी से किये जा रहे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, नॉन एल्कोहालिक फैटी लीवर डिसीज स्क्रीनिंग के साथ-साथ महिलाओं की सेहत-सुरक्षा की दृष्टि से 8 मार्च से 31 मार्च तक स्तन, सर्वाइकल एवं ओरल कैंसर की जांच भी शासकीय स्वास्थ्य संस्था स्तर पर निःशुल्क की जायेगी। उन्होंने बताया कैंसर के लक्षणों का प्रारंभिक चरण में पता लगने से सफल उपचार की संभावना बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। जिला चिकित्सालय के एन.सी.डी. क्लीनिक में स्तन कैंसर, मुख एवं सर्वाईकल कैंसर एवं मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं नॉन एल्कोहालिक फैटी लिवर डिसीज की जांच नियमित रूप से की जा रही है। उन्होने आमजन से आग्रह करते हुये कहा है कि आप अपने परिवार के 30 वर्ष से अधिक आयुवर्ग की महिलाओं को नजदीकी सामुदायिक अथवा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कॉमन कैंसर की जांच अवश्य करायें। ध्यान रखें प्रारंभिक स्तर पर कैंसर से पीड़ति महिला पूर्णतः स्वस्थ हो सकती है किन्तु यदि कैंसर कोशिकाओं में फैल चुका है तो ईलाज कठिन हो जाता है। सीएमएचओ डॉ. जैन ने बताया 30 वर्ष से अधिक आयुवर्ग की महिलाओं में कॉमन कैंसर स्क्रीनिंग अंतर्गत स्तन कैंसर की जांच क्लीनिकल ब्रेस्ट एक्जामिनेशन तकनीक के माध्यम से, सर्वाईकल कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में पहचान के लिए वी.आई.ए. परीक्षण में प्रशिक्षित स्त्री रोग विशेषज्ञ अथवा स्टॉफ नर्स द्वारा महिलाओं की जांच की जा जायेगी। मुख कैंसर की जांच ओरल विजुअल एग्जामिनेशन तकनीक के माध्यम से प्रशिक्षित दंत चिकित्सक, स्टॉफ नर्स के द्वारा की जायेगी। असामान्य परिणाम दिखाई देने पर ऐसी महिलाओं को आगे जांच-प्रबंधन हेतु जिला चिकित्सालय रेफर किया जायेगा।

## 180 बच्चों का हुआ निःशुल्क परीक्षण

**दमोह।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देश पर नवांकुर संस्था बुंदेलखंड नव निर्माण संगठन एवं युवा जन कल्याण समिति के द्वारा एन के नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मयंक प्यासी, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मयंक शर्मा एवं अंश जैन, आलोक जैन के कुशल मार्गदर्शन में वंडर किड्स स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीब 180 छात्रों का परीक्षण किया गया। समिति के अनुराग गौतम ने बताया कि वैशाली नगर स्थित शाला में यह आयोजन किया गया। जिसमे नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ मयंक प्यासी, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ मयंक शर्मा द्वारा सभी का परिक्षण किया गया। डॉ मयंक प्यासी ने बताया कि बच्चों के माता-पिता को पोषण आहार जैसे हरी पत्तेदार सब्जियाँ, गाजर, पपीते का बच्चो को सेवन एवं आउटडोर गेम यानी बाहर खेले जाने वाले खेल. इनमें क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, हॉकी, टेनिस, फुटबॉल, रस्साकशी, छुपन-छुपाई, और अकड़म-पकड़म जैसे खेल खेलने के लिए बच्चो को प्रेरित करें,जिससे बच्चों की आंखों की सेहत में सुधार हो सके। इस अवसर पर विद्यालय के अजय अग्रवाल प्राचार्य एवं स्टाफ की उपस्थिति रही। इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरन्तर आयोजित किये जाते रहेंगे।

## कुष्ठ सर्वेक्षण दौरान मिले 14 नए मरीज

**दमोह ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत नए कुष्ठ रोगियों की पहचान के लिए सर्वे एवं मरीज सत्यापन कार्य सतत रूप से किया जा रहा है। अभी तक 14 नए कुष्ठ मरीजों की पुष्टि हुई है। इस क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हिण्डोरिया के ग्राम रंजरा में जिला स्तरीय कुष्ठ दल द्वारा पहुंचकर ग्रामवासियों को कुष्ठ बीमारी के लक्षणों के प्रति जागरूक किया गया। बताया गया कि चमड़ी पर कहीं भी दाग-धब्बा जिसमें सुन्नपन हो, उस हिस्से के रोम में बाल का झड़ना और पसीना ना आना जैसे लक्षण कुष्ठ के प्रारंभिक संकेतों को बताता हैं। ऐसे लक्षणों के दिखाई देने पर अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता को अवश्य बताएं, संकोच न करें। एमडीटी दवा से कुष्ठ का पूर्ण इलाज सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में मुफ्त उपलब्ध है। स्वास्थ्य दल द्वारा ग्रामवासियों के शरीर में दाग, धब्बों का मुआयना किया गया। चर्चा दौरान बताया कि कुष्ठ लाइलाज बीमारी नही हैं, नियमित समय से एमडीटी का पूर्ण उपचार लेने से कुष्ठ बीमारी पूर्णतया ठीक हो जाती है। सर्वे दल में बीएस ठाकुर, के.आर. पाण्डेय, संजय दुबे, रवि नेमा एवं क्षेत्र की आशा पर्यवेक्षक संपत लोधी और आशा कार्यकर्त्ता गीता ठाकुर शामिल रहे।

### बड़ी संख्या में पुलिस बल रहा तैनात, प्रशासन ने की बुल्डोजर कार्यवाही

# गौ हत्या को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन बाजार बंद कराकर पुतला दहन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह







शहर के सीता बावली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह गोवंश की निर्मम हत्या की जानकारी सामने आते ही पूरे शहर में आक्रोश के साथ तना तनी भरे हालत बनते देर नहीं लगी। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे वही विभिन्न हिंदू संगठनों से जुड़े पदाधिकारी एम कार्यकर्ताओं ने घटना पर आक्रोश जताते हुए दमोह बंद का ऐलान कर दिया। जिसको जबरदस्त जन समर्थन मिलने के साथ जगह-जगह बहुत प्रदर्शन बाजार बंद पुतला दहन किया गया। कुछ आरोपियों को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया वहीं प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गौ हत्या में लिप्त आरोपियों के कब्जा पर बुलडोजर कार्रवाई करते हुए आगे भी ऐसी कार्रवाई का भरोसा दिलाया इसके बाद ही विरोध प्रदर्शन के दौर को रोककर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद 12 बजे के बाद बाजार खुलना शुरू हुए।

जबलपुर हाईकोर्ट में स्लाटर हाउस को लेकर दायर की गई है एक याचिका को लेकर नगर पालिका द्वारा 4 मार्च को भले ही अपना अभी मत नहीं भेजा गया हो लेकिन गौ हत्या अवैध पशु वध में लिप्त तत्व अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे।

कसाई मंडी क्षेत्र पर सीसीटीवी के साथ पुलिस की नजर के चलते अब आसपास के क्षेत्र में गोवंश की हत्या किए जाने की जानकारी के बीच शुक्रवार सुबह सीता बावली क्षेत्र में एक गाय का वध किए जाने की खबर लगते ही मौके पर बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के पदाधिकारियो ने पहुंचकर आपत्ति दर्ज कराई। वही सूचना मिलते हैं पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। जिनके द्वारा जांच कारवाई का भरोसा दिलाया गया। लेकिन आए दिन के ऐसे हालत से नाराज लोगों का गुस्सा फूट पड़ा।

#### खुलने के पहले बंद का ऐलान

बाजार खुलने के पहले दमोह बंद का ऐलान कर दिया गया। विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ सैकड़ो की संख्या में युवाओं सहित आम जन मानस भी वह हत्या की विरोध में सड़क पर उतर गया। इस अवैध कृत्य में लिप्त कुछ आरोपियों को पड़कर पुलिस के हवाले भी किया गया। इधर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन नारेबाजी के साथ हृदय स्थल घंटाघर पर पुतला दहन करके कार्रवाई की मांग की गई। तनाव को रोकने भारी संख्या पुलिस बल को तैनात कर दिया ताकि विरोध प्रदर्शन के बीच कोई अप्रिय स्थिति न बने।



#### बुल्डोजर कार्यवाही

प्रशासन ने गोवंश हत्या तथा कारोबारी से जुड़े कुछ अवैध कब्जा वाले ठिकानों पर बुलडोजर कार्रवाई की। तथा इस तरह की घटनाओं को रोकने और भी सख्त कदम उठाने का आश्वासन दिया। इसके बाद ही इस विरोध प्रदर्शन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर चेतावनी के साथ स्थगित किया गया। और फिर 12 बजे के बाद से बाजार खुलने से हालात सामान्य होते नजर आए। विश्व हिंदू परिषद के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में दमोह में शुक्रवार को गर्भवती गाय की हत्या किए जाने के मामले के अलावा अन्य स्थानों पर गोवंश की हत्या पशु तस्करी से जुड़े विभिन्न मामलों की जानकारी दिए जाने के साथ अवैध कारोबार में लिप्त बदमाशों की जानकारी भी ज्ञापन के माध्यम से देते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

प्रदर्शन के दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सहित गौ सेवा से जुड़े विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी की सक्रिय भूमिका रहे वहीं पुलिस प्रशासन के द्वारा भी घटना को त्वरित संज्ञान में लेने से माहौल बिगड़ने के पहले ही संभल गया। वहीं आगामी त्योहारों के मद्दे नजर इस तरह की अवैध गतिविधियों को रोकने पुलिस प्रशासन से लगातार सख्ती बरतने की अपेक्षा की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### आज फार्मर आईडी शिविर ग्राम पंचायत रनेह में

**रनेह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी हटा के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार मंडल हिनौता कला मानसी अग्रवाल ने बताया कि किसानों की सुविधा अनुसार ग्राम पंचायत भवन रनेह में फार्मर आईडी शिविर का आयोजन किया गया। कृषक बंधुओ से अपील है कि आज शनिवार दिनांक 8.3.2025 को सुबह 7:00 से मेरी उपस्थिति में फार्मर आईडी का कार्य शुरू हो जाएगा। सभी कृषक ग्राम पंचायत भवन पहुंचकर रजिस्ट्रेशन कराना सुरक्षित करें। शिविर में हल्का पटवारी हरिशंकर सोनी एवं सभी सर्वेयर, सीएससी ऑपरेटर भी कार्य करेंगे।

### मिल्क केक जब्त

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा निरीक्षण कार्यवाही करते हुए होली के त्यौहार के अवसर पर उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बस स्टैंड दमोह स्थित बालाजी स्वीट्स का औचक निरीक्षण किया गया। कार्यवाही में बालाजी स्वीट्स से कृष्णा ब्रांड मिल्क केक /हलवा के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मौके पर संदिग्ध कृष्णा ब्रांड मिल्क केक/हलवा की 136.5 किलो मात्रा बाजार मूल्य 27,300 रुपए को नियमानुसार जब्त किया गया है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**दमोह।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में जिला दमोह एवं तहसील न्यायालय हटा, पथरिया व तेंदूखेड़ा में आज 08 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिसमें न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जायेगा। साथ ही नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक ऋण वसूली, बी.एस.एन.एल., विद्युत की बकाया वसूली एवं नगर पालिका से संबंधित प्रिं-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जायेगा। सिविल जज वरिष्ठ खंड/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला द्वारा बताया गया कि उक्त नेशनल लोक अदालत में सफल आयोजन हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा जिला मुख्यालय दमोह एवं तहसील हटा, पथरिया व तेंदूखेड़ा हेतु कुल 23 खण्डपीठों का गठन किया गया है, जो पक्षकारों को सुलह, समझाईश से प्रकरण का निराकरण कराये जाने का प्रयास करेगी।

#### कलेक्टर ने राज्य शासन के कृषि सचिव को लिखा पत्र

## जबेरा को धान अनुसंधान केन्द्र बनाने, कृषि महाविद्यालय तथा रेडियो सेंटर की स्थापना की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार दमोह जिला का दृष्टि पत्र विजन 2047 तैयार किया गया है। चूँकि दमोह जिला कृषि प्रधान जिला है तथा जिले की लगभग 90 प्रतिशत आबादी कृषि व्यवसाय से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं। दमोह जिले के चार विकासखण्ड जबेरा, तेन्दूखेड़ा, दमोह एवं पटेरा में धान फसल का रकबा लगभग एक लाख हेक्टेयर हैं। धान उत्पादन की नवीन तकनीकियों एवं किस्मों के विकास हेतु शासकीय कृषि प्रक्षेत्र जबेरा को क्षेत्रीय धान अनुसंधान केन्द्र बनाए जाने एवं हेतु दृष्टि पत्र 2047 में बिन्दु सम्मिलित किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने दृष्टि पत्र के संबंध में राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्रालय सचिव एम.सेलवेन्द्रन को पत्र लिखकर दमोह जिले के शासकीय कृषि प्रक्षेत्र जबेरा को क्षेत्रीय धान अनुसंधान केन्द्र बनाने, कृषि के विकास हेतु शासकीय कृषि महाविद्यालय की स्थापना हेतु शासन स्तर पर उचित निर्णय एवं आवश्यक कार्यवाही एवं कृषकों को कृषि से संबंधित नवीन जानकारी एवं समसमायिक विषयों की जानकारी समय पर कम्यूनिटी रेडियो के माध्यम से प्राप्त करने के उद्देश्य से कम्यूनिटी रेडियो सेन्टर की स्थापना के लिए उचित निर्णय एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया हैं।

### शासकीय उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना के लिये कलेक्टर ने लिखा पत्र

**दमोह।** प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार दमोह जिले का दृष्टि पत्र विजन 2047 तैयार किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने राज्य शासन के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन को पत्र लिखा है कि, दमोह जिला कृषि प्रधान जिला है तथा जिले की लगभग 90 प्रतिशत आबादी कृषि व्यवसाय से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं। दमोह जिले में उद्यानिकी फसलों का रकबा निरन्तर बढ़ रहा है तथा उद्यानिकी फसलों से कृषकों को परंपरागत फसलों की अपेक्षा अधिक लाभ एवं आय प्राप्त होती है। उद्यानिकी फसलो के विकास हेतु शासकीय उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना के लिए दृष्टि पत्र 2047 में बिन्दु सम्मिलित किया गया हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने पत्र के माध्यम से दमोह जिले में शासकीय उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना हेतु शासन स्तर पर उचित निर्णय लिये जाने का आग्रह किया हैं।

## सड़क हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत, मृतकों की संख्या दो हुई

**तेन्दूखेड़ा।** बुधवार की रात तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सहजपुर इमलीडोल मार्ग पर स्थित चमक भटरिया घाट पर बारात लेकर वापस आ रहे 407 वाहन पलटने से एक की मौत हो गई थी। जबकि तीन अन्य लोगों का इलाज जबलपुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। जहां गुरुवार शुक्रवार की देर रात देवी सींग गौड़ उम्र 70 वर्ष ने भी इलाज के दौरान दम तोड दिया है। हादसे में मरने वालों की संख्या एक से बढ़ कर 2 पहुंच गई है वहीं अन्य दो लोगों का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा जहां दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। तेन्दूखेड़ा पुलिस द्वारा वाहन जब्त आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## ग्राम का एकमात्र मैदान चढ़ रहा अतिक्रमण की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

ग्राम की गोचर एवं छोटे घास की करीबन डेढ़ सौ से दो सौ एकड़ भूमि पर अतिक्रमण हो जाने के बाद ग्राम का एकमात्र शेष रह गया कोरनटीन का खाली पड़ा शासकीय मैदान जहां पर पशु औषधालय कार्यालय की भी भूमि है जिस पर धीरे-धीरे अतिक्रमण होते जा रहा है जिस से यह मैदान खत्म होने की कगार पर पहुंच चुका है प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम के मीट बाजार के लिए 1 वर्ष पूर्व स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा दुकानदारों को मुर्गा मार्केट के लिए यहां पर दुकाने लगाने को बोला गया था लेकिन दुकाने ठीक तरह से नियम अनुसार नहीं दी गई थी जिसको जहां पर जगह मिली उसने वही अपना तंबू गाढ़ दिया कुछ लोगो ने तो बाकायदा दुकान के नाम पर बड़े-बड़े कमरों का निर्माण तक कर लिया वर्तमान में हालत यह बने हुए हैं कि पशु औषधालय के लिए जाने को रास्ता ही जाम होने लगा हैं गौरतलब है कि यदि ग्राम में कभी कोई बड़ा शासकीय या निजी कार्यक्रम होता है तो उसके लिए कोई जगह नहीं रह गई है कुछ क्रिकेट टीम के युवा खिलाड़ियों ने हरिभूमि को बताया कि हम लोग यहां पर प्रतिवर्ष क्रिकेट मैच कराते हैं लेकिन इस मैदान पर भी अतिक्रमण हो जाने से हम लोगों को मैच खेलने में असुविधा हो रही है।

#### इनका कहना है

मेरे संज्ञान में यह मामला है, उसमें देखना पड़ेगा की पंचायत द्वारा मीट मार्केट के लिए दुकाने आवंटित कहां पर की गई है मामले को देखकर उचित कार्रवाई की जाएगी

**मानसी अग्रवाल**
**नायब तहसीलदार हिनौता मंडल**

## गुमशुदा बालक दमोह में मिला

**दमोह।** जिले में 7 मार्च 2025 को थाना दमोह देहात में पदस्थ आरक्षक नितिन राज ने ड्यूटी के दौरान एक 15 वर्षीय बालक को देखा। बालक ने हाथ देकर आरक्षक को रोका और अपना नाम अरुण पिता खेमराज पाल, निवासी राजापुर, जिला पन्ना का होना बताया। बालक की स्थिति देख आरक्षक नितिन ने उसे सहानुभूति दिखाते हुए उसे थाना दमोह देहात लाकर थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के माध्यम से जिला पन्ना के थाना कोतवाली से संपर्क किया। जांच में पाया गया कि इस बालक की गुमशुदगी की रिपोर्ट जिला पन्ना के थाना कोतवाली में पहले से दर्ज थी। पुलिस ने तत्काल इस मामले को संज्ञान में लेते हुए बालक के परिजनों को सूचित किया। परिजनों को थाना दमोह बुलाया गया, और उनके आने पर बालक को सुरक्षित रूप से उनके सुपुर्द किया जाएगा। यह घटना पुलिस प्रशासन की तत्परता और निष्ठा को दर्शाती है, जो समाज की सुरक्षा और भलाई के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

## फार्मर रजिस्ट्रेशन कार्य का लिया जायजा



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने तेंदूखेड़ा एवं जबेरा तहसील क्षेत्र में भ्रमण पर पहुंचे। उन्होंने यहा फार्मर रजिस्ट्रेशन कार्य की समीक्षा की। जिसमें तहसील जबेरा के ग्राम बीजाडोंगरी, गूढ़ा, भाट-खमरिया, कलहरा, विजयसागर में पटवारी सर्वेयर को पी.एम. किसान के शेष हितग्राहियों के फार्मर आईं डी 2 दिवस में तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा चूंकि यह कार्य तेजी से किया जाना है, अतः पटवारियों को शनिवार-रविवार को हल्के में रूक कर घर-घर जाकर किसानों की आई.डी. बनाई जायें। ग्राम भाट खमरिया में ग्राम वासियों द्वारा कलेक्टर श्री कोचर को नाली और क्षतिग्रस्त सड़क की समस्या से अवगत कराया गया, जिसमें कलेक्टर श्री कोचर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सोमवार को ही कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री कोचर तेजगढ़, पतलोनी सहित अन्य गांवो में भी पहुंचे और फार्मर आई.डी. की जानकारी लेकर काम तेज गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस भ्रमण के दौरान एसडीएम सौरभ गंधर्व, तहसीलदार सोनम पाण्डे, तहसीलदार डॉ. विवेक व्यास, नायब तहसीलदार राजेश साहू भी मौजूद रहे।

## आठ आरोपियों पर किया 13 हजार का ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के 08 प्रकरण में फरार आरोपी पर 13 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना दमोह देहात के अपराध क्रमांक 816/2024 धारा 305(ए), बीएनएस, इजाफा धारा 331(4), 3(5) बीएनएस के तहत फरार आरोपी रितिक पिता नीरज सासी सिसोदिया निवासी कडिया थाना बोडा जिला राजगढ़ एवं थाना नोहटा के अपराध क्रमांक 663/2024 धारा 137(2), 87, 64(1), 64(2)एम, 3(5)बीएनएस, 3(1)डब्लू (II), 3(2) व्ही एसी/एसटी एक्ट के तहत फरार आरोपी गनेश पिता तखत यादव निवासी गणेश मंदिर के पास नोहटा, थाना नोहटा पर ढाई-ढाई हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। इसी प्रकार थाना दमोह देहात के अपराध क्रमांक 840/24 धारा 305,331 (4) बीएनएस के तहत याशु पिता कमलेश्वर ईसाई उम्र 19 साल एवं राज पिता भगुन्ती रजक उम्र 33 साल निवासी किशन तलैया दमोह तथा थाना पथरिया के अपराध क्रमांक 96/2024 धारा 363 ता.हि. एवं थाना कोतवाली दमोह के अपराध क्रमांक 870/2024 धारा 137 (2) बीएनएस के तहत फरार अज्ञात आरोपियों पर डेढ़-डेढ़ हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। इसी प्रकार थाना दमोह देहात के अपराध क्रमांक 24/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत फरार आरोपी अभिषेक गुप्ता निवासी पथरिया जिला दमोह एवं थाना तेजगढ़ के अपराध क्रमांक 25/2025 धारा 137 (2) बीएनएस के तहत संदेही आरोपी तखत सींग लोधी निवासी माड़न खेड़ा थाना तेजगढ़ जिला दमोह पर एक-एक हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने जानकारी दी है कि उक्त प्रकरणों में जो कोई व्यक्ति/कर्मचारी/अधिकारी आरोपी को गिरफ्तार करेगा या ऐसी उपयुक्त सूचना देगा जिससे फरार आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सके ऐसे व्यक्ति को नकद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा। उक्त ईनाम प्रदान करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक का निर्णय अंतिम होगा।

## भजन करने की कोई उम्र नहीं होती- जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा





नगर के नायक तिगड्डा श्री कौशलाधीश मंदिर के सामने चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण के तृतीय दिवस कथा वाचक श्रीमद् जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य जी महाराज पीठाधीश्वर महाकाली महाविद्या सिद्ध हनुमान पीठ रनेह बालों ने कथा का रसपान कराते हुए कहा कि भजन करने की कोई उम्र नहीं होती जिस समय सदगुरुदेव की प्राप्ति हो जाए और यह ज्ञान हो जाए कि परमात्मा से बड़ा कोई रिश्ता नहीं है उसी समय व्यक्ति को भजन प्रारंभ कर देना चाहिए। महाराज उत्तानपाद के पुत्र ध्रुव को जब उनकी सौतेली मां सुरुचि ने पिता की गोद से हटाया और यह कह दिया कि अगर तुम्हें इस गोद में बैठना है तो मरना पड़ेगा मरो जाओ और मेरे गर्भ में आओ तब जाकर के तुम्हें यह गोद प्राप्त होगी ध्रुव ने मन में विचार किया इस गोद को प्राप्त करने के लिए अगर मुझे मरना पड़े तो स्वीकार है परंतु मैं इस गोद में बैठूंगा जरूर यह संकल्प लेकर के ध्रुव जब आगे बड़े तब देव ऋषि नारद ने उनको ज्ञान दिया कि यह तो सामान्य पिता है शरीर के पिता है लेकिन जो परम पिता है उनको प्राप्त करने का प्रयास करो और मंत्र दे दिया नारायण भगवान का नारायण भगवान का भजन ध्रुव ने किया और पांच वर्ष की उम्र में ध्रुवने भगवान नारायण को प्राप्त किया अतः भजन करने की कोई उम्र नहीं होती किसी भी उम्र में भगवान का भजन किया जा सकता है।

## जन औषधि सप्ताह का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जन औषधि सप्ताह का समापन आज जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश जैन, सिविल सर्जन डॉ.राकेश राय, जनऔषधि केन्द्र संचालक किशन लाल हुरा, डी.आई. महिमा जैन, डॉ. विशाल शुक्ला, पूर्व सीएस डॉ नामदेव, रोटरी अध्यक्ष खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर.के. अहिरवाल, पूर्व रोटरी अध्यक्ष संजय जैन, राजेंद्र सेठिया, अशोक जैन, अभिषेक सेन की मौजूदगी में जिला चिकित्सालय के समक्ष जनऔषधि केन्द्र पर हुआ।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल ने कहा प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी ने गरीब भाईयों-बहनों के लिए बहुत अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई है। अपने स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिये लोग जन औषधि केंद्र से जुड़े, यहां से आप दवाइयां लें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश जैन ने कहा कोई भी समझौता नहीं किया गया है, यहां पर आपको वही दवाई मिलेगी जो आप बड़ी कीमत पर खरीदा करते हैं। जन औषधी केन्द्र में कम से कम कीमत पर सिर्फ नाम मात्र की कीमत पर दवाईया मिलती है। सभी से आग्रह है कि जन औषधि केंद्र की दवाइयों का उपयोग करें। उन्होंने कहा भगवान से यही प्रार्थना है की दवाईयों की जरूरत ही ना पड़े। यहा मौजूद हितग्राही श्री बालकिशन सोनी ने बताया बाजार में जो ट्यूब 130 रुपए में खरीदा वही यहां पर 21 रूपये में मिला तो समझ में आया की दवाइयां वही है, लेकिन जो रेट में अंतर बहुत बड़ा है। यहां की दवा और जो बाजार की दवा है, एक ही काम करती है। मुझे लगता है जिनका दवाइयों का महीने का खर्च 1000 का है, वह यहां जन औषधी केन्द्र में आकर दवा लेगा तो 150-200 में पूरी दवाईयां आ जाती है। इनका उपयोग करके एक प्रकार से अपने आप को सुदृण बनाया जा सकता है। रमेश हितग्राही ने बताया प्रधानमंत्री जी द्वारा जन औषधि केंद्र चलाया जा रहा है, यह सभी गरीबों और अन्य सभी लोगों के लिये बहुत अच्छा है। यहां से दवाईयां लेने से पैसों की बहुत बचत होती है। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुये कहा जन औषधि केंद्र की ही दवाइयां ले। कार्यक्रम संचालन विपिन चौबे ने किया।